तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

11 खरौद, शिवरीनारायण में विधायक ईश्वर...



12 शिक्षिका भारती बनी शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी





## खबर संक्षेप

### आईटीआई सकरी में रोज़गार मेला आज

**बलौदाबाजार।** शासकीय आईटीआई सकरी बलौदाबाजार में द प्लेजर इंडस टावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों इलेक्ट्रीशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कोर्स में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए 20 नवंबर को कैम्पस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शासकीय निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों, दस्तावेजों के साथ शामिल होकर लाभ ले सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई सकरी बलौदाबाजार में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

### सिंघनपुर में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** तहसील महासमुंद अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर में राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। यह कार्रवाई लघु फुटकर व्यापारी रेखराम साहू के खिलाफ की गई, जो बिना वैध दस्तावेज के धान का भंडारण कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि धान का संग्रहण नियमानुसार नहीं था, जिसके चलते धान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। इस कदम का उद्देश्य अवैध धान व्यापार पर लगाम लगाना और मंडी नियमों को सख्ती से लागू करना है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान केवल अधिकृत केंद्रों पर ही बेचें और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें।

### चोरी करने घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में की तोड़फोड़

**महासमुंद।** चोरी करने की नीयत से घर में घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक, खिड़की की जाली को नुकसान पहुंचाया। थानापारा बागबाहरा के इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को लखनलाल देवांगन ने बताया कि उसके घर में 16 अक्टूबर की रात 2 से 2.50 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मोटर सायकल में तोड़फोड़ एवं खिड़की की जाली खींचकर गिराया गया और दूसरी खिड़की के जाली को धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 324(2) , 62 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बल्दीडीह में लोगों को शराब पीने की सुविधा देने वाले एक व्यक्ति पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। ग्राम बल्दीडीह में एक व्यक्ति अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड की कार्रवाई की, जिस पर शराब पीने वाले लोग भाग गए। वहीं शराब पिलाने वाला खेमराज डडसेना पिता स्व. रूपधर डडसेना (25 साल) को पकड़ा गया।

### जिले में अब तक 1 लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन

महासमुंद। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के धान खरीदी केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले में 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन के लिए जिले के एक लाख 62 हजार से अधिक किसान पंजीकृत है। नोडल अधिकारी अशीष शर्मा ने बताया कि आज मंगलवार तक जिले में एक लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिसमें एक लाख 59 हजार 488 क्विंटल मोटा धान, 11 क्विंटल पतला धान तथा 3 हजार 899 क्विंटल सरना धान शामिल है।

# ब्लॉक व जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

## 10 दिसंबर तक चलेगा हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य स्वच्छ भारत मिशन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में मंगलवार को विश्व शौचालय दिवस 19 नंवबर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने पांचों जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी की गई है। कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की 19 नवंबर को समस्त ग्राम पंचायत में विश्व शौचालय दिवस का अभियान का प्रारंभ होगा, 20 को स्कूल में हाथ घुलाई दिवस का आयोजन। सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई एवं पोताई, पेंटिग प्रतियोगिता शिक्षा विभाग द्वारा, 21 नवंबर को आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सजाओ प्रतियोगिता शौचालय की साफ सफाई महिला एवं बाल विकास विभाग, 22 नवंबर को ▶▶ शेष पेज 11 पर



### प्रतिनिधि व कर्मचारी होंगे सम्मानित

2 दिसंबर को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र का वितरण, 5 दिसंबर विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परिक्षण जिसमे विशेषकर ई कोलाई बैक्टीरिया की उपस्थिति का निरीक्षण, पीएचई विभाग द्वारा, 6 दिसंबर स्वच्छताग्राही, सफाई मित्रों को जनकल्याणीकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए डिगनीटी कैंप का आयोजन, 7 दिसंबर ओडीएफ के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तरीय प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को सम्मानित करना, 9 दिसंबर जिला, ब्लाक ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय के उपयोग के लिए अभियान का आयोजन करना एवं 10 दिसंबर को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, स्वच्छताग्राही को अवार्ड वितरण तथा अभियान के प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार कर जाएगी।

## समीक्षा

# धान खरीदी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : कलेक्टर सोनी

### धान बेचने आए किसानों के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाएं बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में मंगलवार को समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा समीक्षा की गई। जिसमें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए दो टूक शब्दो में कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए। किसानों की सुविधाओं का विशेष ख्याल समिति प्रबंधक रखें। सभी के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित बारदाने की उपलब्धता जैसे मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। धान खरीदी के साथ ही उठाव में भी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। निर्धारित समय के साथ ही डीओ जारी हो जाना चाहिए। किसी भी केंद्र में धान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए।





### आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में करें

उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उक्त बैठक मे सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, भूपेंद्र अग्रवाल, मिथलेश डोंडे, अभिषेक गुप्ता सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सोसायटी प्रबंधक धमेंद्र का डिमोशन

**लटुवा।** वृहताकार सेवा सहकारी समिति लटुवा में धान खरीदी करने के दौरान लाखों रुपए के धान की हेरा फेरी करने वाले शाखा प्रबंधक धमेंद्र साहू को धान खरीदी कार्य से हटा दिया गया और उसका डिमोशन करते हुए तृतीय वर्ग लिपिक बना दिया गया। ज्ञात हो कि धान खरीदी वर्ष 23-24 के दौरान वृहताकार सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक धमेंद्र साहू के द्वारा धान के प्रति कट्टा के पीछे 3 से 4 किलो अतिरिक्त तौल की जा रही थी जिसकी शिकायत जनवरी में किसानों द्वारा तहसीलदार और खाद्य विभाग से की गई जिस पर दोनों अधिकारी जांच में पहुंचे और अधिक खरीदी की शिकायत सही पाई गई, दोनों अधिकारियों द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट सहकारिता विभाग को फरवरी में ही सौंपी जा चुकी थी लेकिन विभाग द्वारा 10 माह तक किसी तरह की कोई कार्रवाई न होता देख किसानों द्वारा जांच की कार्रवाई की जानकारी के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया। जिसमें किसानों द्वारा बताया गया कि प्रबंधक द्वारा प्रति कट्टा धान खरीदी में 3 से 4 किलो धान का अतिरिक्त तौल किया जाता था। प्रतिदिन लगभग 3600 कट्टा की खरीदी हुई। खरीदी कुल 90 दिन चला। इस हिसाब से लाखों रुपए का हर फेर लटुवा सोसायटी के प्रबंधक द्वारा की गई है। जिस पर कलेक्टर द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई गई और 1 हफ्ते के अंदर कार्रवाई के लिए कहा गया। जिस पर सहकारिता विभाग के अधिकारी डीके नेताम द्वारा वृहताकार सेवा सहकारी समिति लटुवा के प्रबंधक धमेंद्र साहू को बुधवार को धान खरीदी कार्य से पृथक कर डिमोशन करते हुए तृतीय वर्ग लिपिक के रूप में डिमोशन दिया गया। साथ ही भूपेंद्र धुरंधर को धान खरीदी का प्रभारी बनाया गया।

- खरीदी में तीन से चार किलो धान का अतिरिक्त तौल की मिली थी शिकायत

### अधिकारी धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें

इसके साथ ही पलारी के छेरकापुर धान खरीदी में इलेक्ट्रॉनिक तराजू के जगह मैनुअल काटा बाट उपयोग करने के मामले में कलेक्टर श्री सोनी ने संज्ञान लेते हुए सहकारिता एवं बैंक नोडल अधिकारी को तलब करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। साथ ही धान खरीदी में बेहतर कार्य के लिए खाद्य, सहकारिता, बैंक नोडल एवं नान के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश आज बैठक में दिए है। साथ ही राजस्व अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश संबधित राजस्व अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल निरा-त करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके।

# पंचायत चुनाव के मतदाता सूची में दावा आपत्ति की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यू ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में संशोधन करने हुए त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत दावे तथा आपत्तियां 14 नवम्बर से प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बुधवार 20 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक है। दावे–आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि सोमवार 25 नवम्बर है। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख, निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 4 दिसम्बर तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 6 दिसम्बर तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसंबर को किया जावेगा।




# कलेक्टर धर्मेश ने जिले के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मंगलवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने महिला बाल विकास अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी जर्जर भवन है उन भवनों को नष्ट करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करें। कलेक्टर ने खाद्य विभाग को ई केवाईसी में अच्छा काम करने पर बधाई दी और इस प्रकार लगातार मेहनत करने के लिए कहा। इसके साथ ही जिला प्रशासन को प्राप्त आवेदनों पर अब तक हुए कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में सामुदायिक शौचालय, धान खरीदी, पानी टंकी निर्माण, एनआईसी कक्ष निर्माण, राजस्व प्रकरण निराकरण, राशनकार्ड, दुकानवार चावल, वितरण आदि के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में पुराने सभी गाड़ी को नीलामी करने, जप्त गाड़ी को आबकारी विभाग की ओर से राजसात की प्रक्रिया करने, सभी सीईओ जनपद पंचायत को एमएमयू वाहनों के आने जाने का रिपोर्ट देने के लिए, भूमिहीन किसान और दूसरे किसान के नाम पर केसीसी लोन लिए लोगों का चिन्हांकन करने, सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध स्थानों को कृषि और पंचायत विभाग की ▶▶ शेष पेज 11 पर

# अवैध महुआ शराब बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 18 नवंबर को थाना गिधौरी से सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, अमीर राय, राजू लकड़ा एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा ग्राम हसुवा मेन रोड में नाकाबंदी कर भारी मात्र में महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने के लिए मोटरसाइकिल के माध्यम से ले जाते हुए आरोपी नंद कुमार उम्र 27 साल, करन उम्र 22 साल दोनो निवासी बलौदा सबरिया डेरा गिधौरी थाना गिधौरी को पकड़ा गया है। आरोपियों से अलग-अलग मामलों में 19,696 ▶▶ शेष पेज 11 पर



### अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गिधौरी।** थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। मंगलवार को थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम घटमडवा में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी शंकरलाल उम्र 23 साल निवासी ग्राम घटमडवा सबरिया डेरा थाना गिधौरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 1800 कीमत मूल्य का कुल 9 लीटर महुआ शराब एवं बिक्री रकम 310 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्घ कर, आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



## कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

# जनदर्शन में दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया।



साथ ही आज जनदर्शन में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित कर उनके पैरों का भी मापन लिया गया है। जिसमें ग्राम गुमा निवासी लोकनाथ यादव, गोपाल निषाद ग्राम सुहेला, राकेश ध्रुव शमिल है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, भूपेंद्र अग्रवाल, मिथलेश डोडे, अभिषेक गुप्ता सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम छेरकापुर के ग्रामीणों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ संतोष कुमार नामदेव बिना किसी सूचना एवं अनुमति से स्कूल नहीं आने की शिकायत दर्ज करायी गई। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को 3 दिवस के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम देवरीखुर्द के ग्रामीणों एवं शिक्षकों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला में छात्रओं के पेयजल के लिए बोर कराने केल लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई अधिकारियों को जांच कर बोर कराने के निर्देश दिए गए है।

### गांव में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर करें कार्रवाई

इसी तरह ग्राम पंचायत गबौद के ग्रामीणों द्वारा गांव में अवैध शराब बिक्री के शिकायत दर्ज कराये गए जिस कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को जांचकर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार, नए राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बगबुड़ा में मड़ई आज

**बगबुड़ा।** ग्राम बगबुडा में मड़ई मेला का आयोजन आज बुधवार को नया तलाब गोठान में किया गया है। सरपंच शिवप्रसाद पैकरा ने कहा हमारे राज्य में मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्षों पुराना है। मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत हैस हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे है। इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य धान कटाई के बाद अपने देवी देवताओं का धन्यवाद ज्ञापित करना तथा अपने मित्रें प्रियजनों से भेंट करना है। छत्तीसगढ़ में मेला, मड़ई, धर्म, कर्म व संस्कृति महत्व अपने साथ लिए हुए आदि काल से चला आ रहा है। उन्होंने लोगों से मड़ई मेले का आनंद लेने की अपील की।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# धान खरीदी के लिए समितियों को 220 करोड़ से अधिक की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राज्य की समितियों को 220 करोड़ 4 लाख 35 हजार से अधिक की राशि जारी कर दी गई है। अपैक्स बैंक के माध्यम से सभी 33 जिलों की समितियों को उनके बैंक खाते में राशि सोमवार को भेज दी गई है। भेजी गई राशि में प्रासंगिक व्यय और धान खरीदी के लिए प्रावधान किया गया है।


खास खबर

धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुई। तीन दिन अवकाश के बाद सोमवार को फिर से धान की खरीदी सभी समितियों में हुई। पहले दिन 14 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा था। समितियों के खाते में राशि अंतरण के बाद अब इन किसानों के खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी।

### समितियों के बैंक खाते में मार्कफेड ने किया अंतरण

#### खरीदी की लिमिट तय

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जा रहा है, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



#### बोगस खरीदी रोकने बनी टीम

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। धान खरीदी केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है।

#### 8 लाख बारदाने की जरूरत

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी की है। साथ ही पीडीएस और पुराने बारदाने के माध्यम से खरीदी की जा रही है। सभी समितियों में धान की तौलाई के बाद बारदाने में भरकर रखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मुआवजे दिलाने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सोमवार को फिर से चरोदा के किसानों के साथ धरसींवा पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पीड़ित किसानों ने अपनी आपबीती बताकर सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के संबंध में जानकारी दी। किसानों को तहसीलदार धरसींवा ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द निरीक्षण कराकर फसल की क्षतिपूर्ति की राशि देने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि चरोदा के किसानों के साथ प्रभावित किसानों के खेत में पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। ज्ञापन देने वालों में कन्हैया यादव, तारकेश्वर वर्मा, साहिल खान, रामप्रताप वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, मोहन साहू, अनवर बेग, दाऊराम धीवर, खेदूराम यादव, पूरनलाल साहू, डॉ. जिवराखन वर्मा आदि शामिल थे।

### नियमों को ताक पर रखकर एयरपोर्ट पर खुली शराब दुकान

**रायपुर।** शराबबंदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार स्वामी विवेकानंद परिसर को भी नहीं छोड़ रही है। सालभर में कोई काम नहीं किया, जगह-जगह शराब दुकान खोलने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, ब्राह्मण समाज के हिमांशु तिवारी, किसान मोर्चा के दाऊ जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, वेगेंद्र सोनबेर, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, गणपति पटेल, अशोक कश्यप, दशरथ सिन्हा, चूड़ामणि पटेल, परसराम ध्रुव, जगदंबिका साहू, हेमसागर पटेल, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंदजी के नाम से रायपुर का एयरपोर्ट है। वहां मुख्यमंत्री ने निजी लाभ के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर परिसर में शराब बिक्री केंद्र खुलवाया है। वहां भी शराब रेस्टोरेंट खोलने का लाइसेंस दिया जाए, एयरपोर्ट से अधिक लाभ होगा। यह सरकार अपनी ही कब्र खोद रही है।

### जिले से बॉडी बिल्डर की चयन स्पर्धा आज



**रायपुर।** उज्जैन में 1 दिसंबर को वेस्टर्न इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए रायपुर जिले से बॉडी बिल्डर का चयन 20 नवंबर को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक में रात्रि 8.30 बजे रखा गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में रायपुर जिले के सभी बॉडी बिल्डर महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा।

### सिंधी साहित्यकार शिव ग्वालानी का सम्मान

**रायपुर।** श्री झूलेलाल धाम में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें साहित्यकार शिव ग्वालानी का सिंधी-हिंदू विभाजन की त्रासदी पर लिखे उनके उपन्यास के लिए सम्मान किया गया। इसी दौरान लेखक श्री ग्वालानी ने कहा कि सिंधी बच्चों को विभाजन की विभीषिका से अवगत कराना बहुत जरूरी है। अगर समाज अपने इतिहास से अवगत नहीं होगा तो समाज के बारे में केवल भ्रातियां फैलेंगी। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज विस्थापित समाज रहा है, न की शरणार्थी। सिंधी समाज हिंदू समाज का अंग रहा है और सिंधी अविभाजित भारत देश के सिंध प्रदेश की राज्यभाषा रही है।



## निगम ने दो बार शासन को भेजा प्रस्ताव, मगर नहीं मिला बजट

# 8 साल में नाला कटाव से हुआ 40 फीट चौड़ा फंड नहीं मिलने से रिटेलिंग वॉल निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर शहर में कई नालों का कायाकल्प निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर करवाया है। वहीं आउटर क्षेत्र दलदल सिवनी नाले के आसपास की बसाहट कई सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। राहत दिलाने के लिए निगम और जोन के जिम्मेदारों ने 8 साल में दो बार सर्वे किया और रिटेलिंग वॉल व कवर्ड नाला के लिए प्रस्ताव बनाया। पहली प्लानिंग फेल होने के बाद दूसरी बार जोन के जिम्मेदारों ने शासन को 1.07 करोड़ का प्रस्ताव भेजा।

हरिभूमि सरोकार

दो साल में फंड नहीं मिलने से नाला अब तालाब का स्वरूप ले चुका है। इसकी बदबू से लोग परेशान हैं। राजधानी के आउटर इलाके में जहां तेजी से बसाहट बढ़ रही है, वहीं जिम्मेदार पानी निकासी की समस्या से राहत देने के लिए की गई प्लानिंग को बजट के अभाव में आकार नहीं दे पाए हैं। दलदल सिवनी नाले का कटाव तेजी बढ़ रहा है। इसके चलते नाले के आसपास की कॉलोनियों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को नाले की वजह से हर साल परेशानी होती है। इससे नाले का पानी कॉलोनियों व बस्तियों में भरता है। इसके बाद भी नाले का निर्माण विगत 8 साल से फंड के अभाव में रूका है।



#### ठंडे बस्ते में प्रोजेक्ट

सूत्रों ने बताया कि 6 साल पहले डेढ़ किलोमीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनवाने के लिए निगम ने 3.78 लाख का प्रस्ताव बनाया था। यह प्रोजेक्ट फेल होने के बाद दो साल पहले 800 मीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनाने के लिए एक करोड़ सात लाख का प्रोजेक्ट बना, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से वह ठंडे बस्ते में चला गया है।



#### अभी तक फंड ही नहीं मिला

रीटेलिंग वॉल और कवर्ड नाला बनाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अभी तक मंजूरी नहीं मिलने से आगे कार्रवाई नहीं हुई है। प्रोजेक्ट को लेकर किसी प्रकार का दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

**- संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त-जोन-9, नगर निगम, रायपुर

#### बजट का कर रहे इंतजार

लोग कर रहे नाला बनवाने मांग करीब दो साल पहले जोन के जिम्मेदारों ने अविवा गार्डन के पास बनवाई गई पुलिया से द्वारिका विहार तक कवर्ड नाला बनाने सर्वे के बाद प्रस्ताव दिया है। इसके बाद से जिम्मेदार बजट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि हर साल द्वारिका विहार, अविवा गार्डन क्षेत्र, पोल्ट्री फार्म क्षेत्र, दया नगर, ग्रीन गार्डन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है। वार्ड के लोग पार्षद सुशीला धीवर के पास नाला बनवाने फिर मांग लेकर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाले का कटाव बढ़ने से कॉलोनी में रहने वाले बदबू से परेशान हैं। समस्या सुलझाने अब कलेक्टर से भी बात करूंगी।

## एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के बीच छुट्टी नहीं, जूनियर डाक्टरों ने दर्ज कराई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर विषय के परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति आने लगी है। मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले जूनियर डाक्टरो ने डीन के पास शिकायत की है कि इस टाइम टेबल के हिसाब से उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा। आयुष विवि द्वारा छह से नौ जनवरी के बीच लगातार चारों पेपर लेने का टाइम टेबल जारी किया गया है।

पंडित दीनदयाल स्मृति आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के लिए पिछले दिनों समय-सारिणी घोषित की गई है। टाइम टेबल के अनुसार सभी विभाग के चारों पेपर लगातार छह दिन में आयोजित किया जाएगा। टाइम टेबल आने के बाद चिकित्सा छात्रों में इसे लेकर चिंता का दौर शुरू हो गया है। उनके द्वारा सीजी डाक्टर फेडरेशन एवं जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के बैनरतले सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र भेजकर इसके आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि मुख्य परीक्षा के दौरान प्रत्येक पेपर के बीच विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई सहित अन्य तैयारी करने का वक्त दिया जाना आवश्यक है। अभी जिस तरह की समय-सारिणी जारी की गई है, उसके हिसाब से विद्यार्थियों को समय नहीं मिल पाएगा और वे अपने थ्योरी पेपर की तैयारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन से निवेदन किया है कि परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति की जाए।



- छह से नौ जनवरी के बीच लगातार पेपर, तैयारी नहीं हो पाने का हवाला

#### 15 दिसंबर से आवेदन

चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षा के लिए महाविद्यालयों में आवेदन जमा करने की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। चिकित्सा छात्र 12 हजार रुपए शुल्क से साथ बीस दिसंबर तक आवेदन कर पाएंगे। इसके बाद संबंधित कालेज 22 दिसंबर तक विश्वविद्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन करने से चूकने वाले विद्यार्थियों को इसके बाद 25 दिसंबर तक विवि में परीक्षा आवदेन जमा करने का वक्त दिया गया है। इसके लिए उन्हें प्रतिदिन दो सौ रुपए के हिसाब से शुल्क जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया ऑफलाइन के माध्यम से पूरी की जाएगी।

## आदिवासी अंचल में 77 हजार घर होंगे बिजली से रोशन

- 8,091 किलोमीटर लंबी लाइन, लगेंगे 2217 ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आदिवासी अंचलों में बिजली से वंचित रह गए घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 विशेष योजनाओं के माध्यम से 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की इस कार्ययोजना में दो योजनाएं केंद्र सरकार की हैं तथा एक योजना छत्तीसगढ़ शासन की है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव ने तीनों योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की अति पिछड़ी 7 जनजातियों के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रिड से विद्युतीकृत गांवों के 7,077 घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 37 करोड़ 60 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1,087 बसाहटों में 363.24 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 267 नग 25 केवीए क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 650 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जा रही हैं। पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है।



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए
- पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है

#### 323 करोड़ की मंजूरी

प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके अंतर्गत 919 गांवों के 65,711 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 323 करोड़ 63 लाख की कार्ययोजना को स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत 6,863 बसाहटों में 1889.56 किलोमीटर लाइनें, 25 केवीए क्षमता के 1950 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे तथा 5,188 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जाएंगी। आदिवासी बहुल गांवों में बिजली पहुंचाने में सबसे बड़ी समस्या वहां के सघन वन क्षेत्र होते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नियद नेल्लानार योजना प्रांरभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 24 सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर के दायरे में 96 गांवों में घरों को रोशन करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर द्वारा नियमित तौर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है।

## निगम कर्मियों ने गठित की कार्यकारी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर कार्यकारी समिति का गठन किया है, जिसका अध्यक्ष प्रमोद जाधव को बनाया गया है। यह समिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का निराकरण कराने तथा हित में काम करेगी। नवगठित समिति जल्द ही अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर, महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगी।

समिति में 4 सौ अधिकारी-कर्मचारी शामिल



नवगठित कार्यकारी समिति में लगभग 400 अधिकारी एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव के अलावा समिति में कार्यकारी संरक्षक अरुण दुबे, सुरेंद्र दुबे, कार्यकारी महामंत्री आशुतोष सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी, कार्यकारी महिला उपाध्यक्ष रुचिका मिश्रा, नलिनी साहू, स्वाति साहू, जोन 1 में कार्यकारी प्रभारी इस्माइल खान, जोन 2 में राजश्री श्रीवास, जोन 3 में मोहिब खान, जोन 4 में जितेंद्र निहाल, जोन 5 में आनंद ताम्रकार, जोन 6 में पुरुषोत्तम यदु, जोन 7 में बमशंकर गुप्ता, जोन 8 में चंदन रगड़े, जोन 9 में विजय शर्मा, जोन 10 में महादेव रक्सेल को जोन कार्यकारी प्रभारी बनाया गया है। निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों को कर्मचारी कार्यकारी समिति में प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है।

## स्वास्थ्य शिविर में 200 ने कराई जांच



**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2 में ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रविवार को रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लाभार्थियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया एवं 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। इसके लिए गुड होप ब्लड सेंटर के डॉ. धनंजय प्रसाद, हरीश और टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान एएसजी आई हॉस्पिटल से पूरी टीम जिसमें दिव्या, दीपेश, शोभाराम, ज्ञानचंद ने लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। इस शिविर में डॉ. समीर सोनकर, डॉ. मो. शहरयार खान और पंकज के अलावा ओजस मल्टी हॉस्पिटल टीम सहित मनोज निषाद और शिब्बू तथा स्त्री रोगविशेषज्ञ डॉ. दीपिका बेले ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गौरीशंकर बोले- उस समय के सचिव और परीक्षा नियंत्रक की भी हो गिरफ्तारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के पूर्व प्रमुख आईएएस टामन सिंह सोनवानी को सीजीपीएससी में गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को उठाने वाले भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास का कहना है, सीबीआई की कार्रवाई का हम स्वागत करते हैं। सीबीआई तो अपना काम करेगी ही, लेकिन इस मामले में हमारी मांग है कि उस समय सीजीपीएससी के जो सचिव और परीक्षा नियंत्रक थे और साथ ही सदस्य थे, उनकी भी गिरफ्तारी होनी चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में सीजीपीएससी में हुई गड़बड़ी को उजागर करने का काम भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने किया था। इस मामले में भाजपा ने आंदोलन भी किया और भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए विस चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने पर इस मामले में सीबीआई जांच कराई जाएगी।



## राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने कहा

# बृजमोहन ने यातायात सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर में प्रस्तावित और चल रही कई बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

श्री अग्रवाल ने 600 करोड़ रुपये की लागत से सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, तेलीबांधा चौक और 400 करोड़ रुपये की लागत से धनेली जंक्शन पर प्रस्तावित फ्लाईओवर पर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी रायपुर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 186 किलोमीटर लंबे रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ हाईवे और 5,600 करोड़ रुपये की लागत से 228 किलोमीटर लंबे धमतरी-जगदलपुर हाईवे को चौड़ा कर चार लेन का बनाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ली गई। श्री अग्रवाल ने कहा, राजधानी में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव और रिंग रोड नंबर 5 पर सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए रिंग रोड के किनारे 11 मीटर चौड़ी सर्विस लेन निर्माण और तेलीबांधा से ताटीबंध तक एलिवेटेड रोड बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरोना और इंद्रप्रस्थ के बीच रिंग रोड पर अंडरपास निर्माण पर भी विचार किया गया है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित एक्सप्रेस वे को एनएचएआई को सौंपने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भी लिखा है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता गोविंद अहिरवार, एनएचएआई क्षेत्रीय अधिकारी दिग्विजय सिंह, प्रबंधक तकनीकी प्रवीण विजयवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## कोरबा में कारोबारी, इंटक नेता के घर सीबीआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरबा स्थित एसईसीएल के खदान क्षेत्र में अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने के आरोप में सीबीआई ने सोमवार को इंटक के श्रमिक नेता तथा एक कारोबारी के घर तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू करने की बात सामने आई है।

सीबीआई ने हरदी बाजार निवासी श्रमिक नेता श्यामू (खुशाल) जायसवाल तथा दीपका निवासी राजेश जायसवाल के कटघोरा स्थित मकान में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई करने पहुंची टीम द्वारा दस्तावेजों के साथ संबंधित लोगों से लंबी पूछताछ करने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों जगहों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे की कार्रवाई के दौरान श्रमिक नेता तथा कारोबारी के निवास तथा कार्यालय से सीबीआई की जांच टीम द्वारा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त करने की बात सामने आई है।

- कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त करने की बात सामने आई

#### अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने का आरोप

श्रमिक नेता तथा कारोबारी द्वारा साठ-गांठ कर एसईसीएल के खदान क्षेत्र में प्रभावितों की जगह अपने लोगों को बड़े पैमाने पर मुआवजा दिलवाने का आरोप है। इसके साथ ही पात्र लोगों को मुआवजा से वंचित करने के साथ कम मुआवजा दिलवाने का आरोप है। प्रभावित लोगों की शिकायत के बाद मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी वजह से सीबीआई की टीम श्रमिक नेता तथा कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। मुआवजा वितरण मामले में सीबीआई आने वाले दिनों में एसईसीएल से जुड़े अफसर तथा गलत तरीके से मुआवजा लेने वालों पर शिकंजा कसने के साथ उनसे पूछताछ कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### कनेकेरा समिति के अध्यक्ष बने हिरेंद्र

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कनेकेरा (शेर) के अध्यक्ष के लिए ग्राम पंचायत शेर के पूर्व सरपंच हिरेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर किसान एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### सर्वे के लिए तीन दिवसीय कैंप आयोजित

**महासमुंद।** नगर पंचायत पिथौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत संभावित पात्र हितग्राहियों का रैपिड असेसमेंट सर्वे आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार यह सर्वे 19 से 21 नवंबर 2024 तक विभिन्न वार्डों में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पिथौरा से प्राप्त जानकारी अनुसार यह शिविर 19 नवंबर को वार्ड 01 से 05 तक, शारदा चौक रंग मंच, 20 नवंबर को वार्ड 06 से 10 तक, मंदिर चौक रंगमंच और 21 नवंबर को वार्ड 11 से 15 तक नगर पंचायत पिथौरा कार्यालय परिसर में आयोजित किए जाएंगे। सर्वे प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए धरमुराम सिन्हा, मुकेश निषाद, सुरेंद्र नायक, धनेंद्र साहू और धनेश्वर निषाद की ड्यूटी निर्धारित की गई। सभी संबंधितों को निर्देश दिया गया है कि पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण कार्य को समय पर पूरा करें।

### झांसी की रानी को किया याद

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। जिसमें उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर रहे। हेमलता चंद्राकर ने रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी के बारे में बताया। लक्ष्मीबाई का पूरा जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है। उन्होंने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। झांसी की रानी सभी महिलाओं के लिए एक आदर्श और प्रेरणा है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते-करते अपनी जान दे दी। उनकी वीरता आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी, सुनाया। रानी लक्ष्मीबाई के अद्भुत शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी। देश में हर साल 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई जाती है।

### निधन पर घर पहुंचाकर दी आर्थिक सहायता



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर चुनाव पूर्व किए गए अपनी घोषणाओं को अमल करते हुए सोमवार को गांव के वार्ड नंबर 18 के नंदूराम धीवर की माता किसनौतीन धीवर का स्वर्गवास होने पर सरपंच ने वार्ड पंच श्रीमती हेमा देवचंद साहू के साथ दुखी परिवार के घर जाकर उनकी बड़ी बहू श्रीमती पूना नंदूराम धीवर को 2000 रुपए नगद प्रदान किया।

### सोसाइटी अध्यक्षों का हुआ शपथ ग्रहण

**बागबाहरा।** बागबाहरा शहर मंडल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति क्रमशः सिर्री-पठारीमुड़ा एवं खोपली में नवमनोनीत अध्यक्षगण तुकाराम चंद्राकर एवं चंद्रशेखर ध्रुव का पदभार ग्रहण समारोह बड़े ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रीतम सिंह दीवान (पूर्व विधायक खल्लारी), अलका चंद्राकर (प्रदेश उपाध्यक्ष ममो भाजपा), प्रेम साहू (रुपेश) (मंडल अध्यक्ष बागबाहरा शहर), शंकर तांडी (जिला मंत्री), हरमीत सिंह बग्गा महामंत्री, संजय मालवे, नारायण तांडी, शंकर लाल कौशिक, हरी चंद्राकर, रमन लाल वर्मा, अशोक चक्रधारी, नंदू सोनी, जगन्नाथ सिंह ध्रुव, गजेंद्र साहू, खामसिंह ध्रुव, गौरव साहू, प्रबंधक रुद्रनाथ सिंह ठाकुर, देवेंद्र कुमार पटेल, मनोज चंद्राकर, हिरेंद्र चंद्राकर, संतोष यादव एवं समिति के कर्मचारी तथा दोनों समिति के आश्रित ग्रामों के किसान उपस्थित रहे।

# आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में बनेगा फायर एग्जिट, रास्ता बनाने किचन कॉरिडोर पर विचार

## झांसी मेडिकल कालेज में हुई घटना के बाद सीख, फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झांसी के मेडिकल कालेज के बच्चा वार्ड में हुई आगजनी की घटना से सीख लेते हुए आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में फायर एग्जिट बनाया जाएगा। इसके लिए किचन कॉरिडोर में खुलने वाले वार्ड के पिछले हिस्से का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को बाल एवं शिशुरोग विभाग में इस तरह की घटनाओं से निपटने की व्यवस्था का जायजा लिया।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष को फायर एग्जिट तैयार करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए। उन्होंने भूतल स्थित पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का जायजा लिया। वहां की विद्युत व्यवस्था, सेंट्रलाइज एसी सिस्टम एवं फायर सेफ्टी के अंतर्गत स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर के बारे में मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। बताया गया कि न्यू ट्रामा वार्ड में हुई घटना के बाद सभी फायर एक्सटिंग्विशर के रिफिलिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में लगभग 335 फायर एक्सटिंग्विशर अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थापित है। प्रथम तल स्थित वार्ड नं 30 के नियोनेटल केयर यूनिट यानी नर्सरी 2 की फायर सेफ्टी व्यवस्था देखी। अनावश्यक सामानों को वहां से हटाने के निर्देश दिए ताकि वहां आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।

इस दौरान अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को मेंटेनेंस करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से आपात स्थिति में फायर फाइटिंग सिस्टम के उपयोग की जानकारी ली। दावा किया गया कि फायर सेफ्टी के मेंटेनेंस के अंतर्गत स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर और फायर अलार्म को चेक किया जा रहा है। अधीक्षक ने पीडब्ल्यूडी के ईएमडी विभाग को विद्युत आपूर्ति के सभी उपकरणों को चेक करने के लिए कहा ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी स्थितियां उत्पन्न न हों।

### पूरा नहीं हुआ ट्रामा ओटी का काम

पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल के तीसरी मंजिल में स्थिति न्यू ट्रामा की एसी के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद धुआं भर गया था। घटना के दौरान ओटी में मौजूद डाक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ ने जोखिम उठाकर वहां मौजूद मरीज की जान बचाई थी। घटना के बाद ओटी खराब हो गया था, वहीं आवश्यकता के अनुसार उसमें परिवर्तन किया जाना था। घटना के 12 दिन बाद भी ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां होने वाली सर्जरी दूसरे विभाग के वार्डों में पूरी की जा रही है।



### नहीं हो पाया मॉकड्रिल

घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल के फायर सेफ्टी का रखरखाव करने वाले और अन्य कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए बारीकी समझाने एसडीआरएफ के साथ मॉकड्रिल की योजना बनाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में स्वंय सुझाव दिया था। समय बीतने के बाद इस सुझाव पर अमल नहीं किया गया। अस्पताल का स्टाफ अपनी पुरानी टेक्निक के जरिए ऐसी घटनाओं में राहत देने के लिए अभी भी तैयार है।

# मल्टीलेवल पार्किंग में लावारिस गाड़ियां इसलिए सड़कों पर पार्क कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कलेक्टोरेट भवन के पास करोड़ों रुपए खर्च करके 6 लेयर की मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसके बाद भी इस पार्किंग की जगह वाहन चालकों द्वारा अपनी गाड़ियां कलेक्टोरेट और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर पार्क की जा रही हैं, जिसके कारण हर रोज इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कों पर पार्किंग करने वालों में कई लोग जहां मल्टीलेवल में गाड़ी पार्क करना नहीं चाहते, तो कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें पार्किंग में जगह की कमी के कारण सड़क पर गाड़ी खड़ी करने मजबूर होना पड़ रहा है।

### सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जाम जैसे हालात

राजधानी रायपुर में ऐसे अनेकों प्रमुख मार्ग हैं, जहां सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया गाड़ियों को पार्क किए जाने से जाम की स्थिति बनती है, साथ ही आवागमन करने में वाहन चालकों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसा ही हाल कलेक्टोरेट परिसर जाने वाले मुख्य गेट के बगल से लेकर जिला पंचायत बिल्डिंग, रजिस्ट्री भवन के पीछे ऑक्सीजोन वाले मार्ग तक लाइन से दोपहिया और चार पहिया गाड़ियों की कतारें सरकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर हर रोज लगी रहती हैं। खासकर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक यहां गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रहती है, जबकि इन गाड़ियों को रखने के लिए 6 लेयर वाली मल्टीलेवल पार्किंग यहां है। इस पार्किंग में ग्राउंड से लेकर 4 लेयर तक हर रोज सैकड़ों गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। 1 से 4 लेयर में ज्यादातर चार पहिया गाड़ी ही पार्क की जाती हैं, लेकिन सरकारी दफ्तरों के बंद होने के बाद भी इन चारों लेयर की पार्किंग में दर्जनों कारें पार्क रहती हैं। इनमें कई कारें ट्रेवल्स, निजी व्यक्तियों की हैं। इसके साथ कई गाड़ियां लावारिस भी हैं।

### लग रहा हर रोज जाम



### ड्यूटी टाइम के दौरान कम पड़ रहा पार्किंग का स्पेस

सरकारी दफ्तरों में ड्यूटी टाइम के दौरान यहां पार्किंग का स्पेस कम पड़ता है। इसका कारण भी इस पार्किंग में कई हफ्तों व महीनों से खड़ी गाड़ियां हैं। इन गाड़ियों को यहां से हटाए जाने की स्मार्ट सिटी या नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इन गाड़ियों के पार्क होने के कारण ही पार्किंग में स्पेस की कमी हो रही है, जिससे सड़कों पर गाड़ी पार्क की जा रही है।

### सड़क मोड़ पर गाड़ी पार्क से दुर्घटना की संभावना

मल्टीलेवल पार्किंग के सामने मोड़ है। इसके बाद भी यहां सड़क पर चार पहिया गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। मोड़ पर सड़क पर गाड़ी पार्क होने से यहां से गुजरने वाली गाड़ियों के दुर्घटना होने की भी दिनभर आशंका बनी रहती है।

### कार्रवाई करेंगे

कलेक्टोरेट के पास गाड़ी पार्क करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनी है। इसके बाद भी अगर सड़क पर गाड़ी पार्क की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। - *गुरजीत सिंह, डीएसपी ट्रैफिक रायपुर*

# विश्व शौचालय दिवस पर कलेक्टोरेट में बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की बनी रणनीति

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विश्व शौचालय दिवस पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में जिले के सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर से प्रारंभ होकर मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक शौचालय की



क्रियाशीलता में सुधार पेंटिंग सामुदायिक सहभागिता बेस्ट शौचालय व्यक्तिगत और सामुदायिक का आकलन हेतु सर्वेक्षण होगा। 10 दिसंबर को अभियान का समापन बेस्ट शौचालय को अवार्ड वितरण और अभियान के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

# खरौद, शिवरीनारायण में विधायक ईश्वर ने की पूजा, मांगी खुशहाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ शबरीमाता, नर नारायण व भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए

साजा विधायक ईश्वर साहू ने खरौद में भगवान लक्ष्मणेश्वर के दर्शन किए। धर्म एवं आध्यात्म की नगरी टेंपल सिटी शिवरीनारायण में शबरी माता, भगवान नर, नारायण, भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही प्रदेशवासियों की सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शिवरीनारायण नगर पंचायत के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. मनहरण केंवट से मुलाकात हुई। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि शिवरीनारायण आना मां शबरी का बुलावा है। शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी हरीश तिवारी ने पूजा अर्चना कराई और और शबरी नारायणधाम की महत्ता के बारे बताया।

इस अवसर पर साजा के उनके सहयोगियों साथ नगर से दीनू शर्मा, जेठू आचार्य, गणेश, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। साथ ही टेंपल सिटी वापसी के दौरान शिवरीनारायण नगर के भाजपा नेता आनंद केडिया, राजा सिंघानिया, चेतन शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की।

### सोसायटी अध्यक्ष देवेंद्र ने ग्रहण किया पदभार

**महासमुंद।** सराईपाली सोसायटी में नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र राय पदभार ग्रहण किया। सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर फूल माला से स्वागत कर श्रीफल तोड़ा गया। जिसके बाद देवेंद्र राय का स्वागत प्रबंधक गोबिंद चंद यादव व उपस्थित किसानों ने किया। बाद देवेंद्र ने अपने उद्बोधन में किसानों के हित में काम करने की बात कही। साथ ही इस जिम्मेदारी के लिए क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। इस दौरान गोबिंद चंद यादव प्रबंधक, परसु यादव, वेदप्रकाश, भोला, अंगध्वज, हेमसिंग, दयाराम, सतीश, भुखऊ, लुकेंद्र, देवानंद, गंगाराम आदि उपस्थित रहे।

### लोकपाल के समक्ष दर्ज करा सकते हैं जिले के मनरेगा और आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़ी शिकायतें

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में संभावित शिकायतों के समाधान के लिए लोकपाल की व्यवस्था की गई है। लोकपाल की यह व्यवस्था योजनाओं के पारदर्शी और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जिले में लोकपाल का कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 28 में स्थापित किया गया है।

### महाविद्यालय में विषय चयन का ऑनलाइन अपडेट करा सकते हैं स्वाध्यायी छात्र

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 का अनुमोदन किया गया है। प्रभारी प्राचार्य करूणा दुबे ने सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर विषय चयन उपरांत यूनिट परीक्षा में सम्मिलित होकर विषयवार असाईमेंट प्राप्त कर जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। डॉ. ईपी चेलक एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने विषय का चयन नहीं किया है वे अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर मार्गदर्शन उपरांत विषय का चयन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की सहमति उपरांत विषय चयन की सुविधा 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रखी गई थी। विषय चयन करने से विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरते समय विषय संबंधित किसी भी प्रकार की शंका नहीं रहेगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने केवल अपना पंजीयन विश्वविद्यालय से किया है उनको महाविद्यालय आकर विषय चयन करना अनिवार्य है।

## पेज 9 के शेष

### ब्लॉक व जिला ...

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 23 नवंबर से 25 नवंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का आयोजन, 26 से 28 नवंबर तक ब्लाक, जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता आयोजन होगा।

### अवैध महुआ शराब...

कीमत मूल्य का 98.280 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### कलेक्टर धर्मेश ने...

योजना के अनुसार पानी रोकने का कार्य करने, पीडब्ल्यूडी के लंबित भू अर्जन प्रकरण, राजस्व, सीएसपीडीसीएल, वन से प्रक्रिया को पूर्ण करने, शासकीय कॉलेज बरमकेला के लिए और रेस्ट हाउस सरिया के लिए भूमि चिन्हांकन, कृषि कार्यालय के लिए चिन्हित भवन का मरम्मत कार्य करने तथा बरगांव में पीएम सूर्य घर योजना का क्रियान्वयन करने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

Gomti THRESHERS किसान की पसंद
6&7 फेन बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### विवेक वर्मा का हुआ एसआई में चयन



**सुहेला।** सब इंस्पेक्टर पुलिस परीक्षा भर्ती 2021 की परीक्षा में ग्राम सुहेला निवासी विवेक वर्मा का चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से परिजनो सहित ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। शासकीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत देवनाथ वर्मा के पुत्र विवेक की प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल में ही होने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि अपनी शिक्षा पूरी करने के पश्चात विवेक पुलिस सब इंस्पेक्टर की परीक्षा के पूर्व बिलासपुर में कोचिंग करने गये थे।

### लटुवा के अमन का एसआई में हुआ चयन



**लटुवा।** ग्राम पंचायत लटुवा के निवासी अमन वर्मा पिता गंगा सिंग वर्मा का चयन पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर हुआ है। उनके पिता गंगा सिंग वर्मा ने बताया कि उनका पुत्र बचपन से होनहार रहा है । उसकी स्नातक, स्नाकोत्तर और कंप्यूटर की पढ़ाई डीके कॉलेज बलौदा बाजार से हुई है । साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी नवप्रेरणा कोचिंग संस्थान शासकीय कोचिंग संस्था कलेक्ट्रेट द्वारा संचालित में और ई लाइब्रेरी बलौदाबाजार जिला ग्रन्थालय शासकीय में की। गांव का पहला एसआई होने के चलते अमन के चयन पर परिवारवालों के साथ ग्रामीणों में भी हर्ष व्याप्त है।

### सोसायटी अध्यक्ष व्यास ने पद भार संभाला



**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णु देव साय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी तरह बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति के सभी सोसायटियों में अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हसुवा पंजीयन क्रमांक 1258 में व्यास श्रीवास को नवनियुक्त अध्यक्ष प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने अपना पद भार ग्रहण करते हुए विधिवत छत्तीसगढ़ महतारी के साथ ,मां लक्ष्मी के छाया चित्र पर माल्या अर्पण करते हुए पूजा अर्चना कर अपना पद भार संभाला। श्रीवास का लगातार तीन बार अध्यक्ष के पद पर रहा है और कार्य सहरानीय रहा है।

### बैठक 29 को

**धमतरी।** जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) और समीक्षा समिति की बैठक 29 नवम्बर को होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शाम चार बजे और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, आधार सीडिंग, एनआरएलएम, एनयूएलएम की समीक्षा की जाएगी।

# सामूहिक मेहनत संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

देश में केवल और केवल भाजपा ही है जो लोकतांत्रिक तरीके से संगठन के चुनाव करती है। यह बात गोविंद सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय भाटापारा में आयोजित सिमगा, निपनिया, भाटापारा ग्रामीण मंडल के संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कही।

हमारी सामूहिक मेहनत ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा के 03 मंडलों के चुनाव संपन्न करने के लिए चुनाव संपर्क सहयोगी अर्थात चुनाव अधिकारियों की भी घोषणा की इस से पूर्व भाटापारा शहर मंडल की घोषणा की जा चुकी है, 04 मंडलो में संगठन चुनाव के लिए दायित्व दे दी गई है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि सबसे पहले बूथ मंडल एवं जिले के बाद प्रदेश तथा देश का चुनाव सिर्फ भाजपा में होता है, बाकी दल के लोग लोकतंत्र का केवल ढकोसला करते हैं तथा लोकतंत्र के नाम पर सिर्फ मनोनयन का रास्ता अख्तियार करते हैं। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ लोकतांत्रिक पार्टी भी हैं। संगठन चुनावों में सक्रिय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी**






**एकजुटता से करें काम**

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि संगठन की सफलता तभी संभव है जब हम सब मिलकर एकजुटता से काम करें, विचार साझा करें, और एक मजबूत दिशा में आगे बढ़ें। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश चंद्राकर, राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, महाबल बघेल, केजुराम बघेल, धनीराम साहू ,पवन वर्मा, चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव,रोशन साहू, मथुरा यदु सहित मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह : नगर साहू समाज ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

# बच्चों की प्रतिभा को समझें पालक और उसके अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज भाटापारा का दीवाली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह साहू छात्रावास भाटापारा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक भाटापारा, अध्यक्षता सुनील साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार एवं विशिष्ट अतिथिचैतराम राम साहू पूर्व विधायक, रेवाराम साहू संरक्षक, जिला साहू संघ दीनदयाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, विशेष अतिथि दिनेश साहू महामंत्री, जिला साहू संघ, वासुदेव साहू एई थे। अतिथि के रूप में तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्षगण शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में साहू समाज के 10 वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष एसआई के पद पर चयनित हुए नगर की 6 प्रतिभाओं तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में नगर के पत्रकार बंधुओं का आत्मीय सम्मान किया गया। डॉक्टर वीणा साहू को समाज सेवा के लिए, तथा अजय साहू एवं डॉ. इन्द्राणी साहू को साहित्य के लिए,सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि पालक अपने बच्चों की प्रतिभा को समझें और उनके अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाये। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देना जरुरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील साहू जिलाध्यक्ष ने नगर साहू समाज की गतिविधियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारी डॉक्टर आकांक्षा साहू,रायपुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि इरादे पक्के हो तो आपको मंजिल अवश्य मिलेगी।इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए**




**इनका रहा योगदान**

नगर साहू संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने स्वागत उदबोधन दिया, तथा सरस्वती साहू ने राज गीत प्रस्तुत की। अंत में तिलक साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन के लिए नगर साहू समाज से छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, सचिव मनीराम साहू, लुकू साहू, तिलक साहू, पीताम्बर साहू, रवि साहू, अमृत साहू, जीत नारायण साव, निकेश साहू, लिकेश साहू, लाला साहू, पीलाराम साहू, रामचंद्र साहू, भागवत साहू, सतीश साहू, गणेश साहू, कमला साहू, नीरादेवी साहू, कल्याणी साहू, संध्या साहू, डॉली साहू, पेमिन साहू, का योगदान रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से संतराम साहू, बाबूलाल साहू, सुकृत साहू, शंकर साहू, सालिक राम साहू, लेखराम साहू, हिरमत साहू, सरस्वती साहू, दमयंती साहू, प्रमिला साहू,डॉ हरिकिशन साहू, सुखमती साहू उपस्थित रहे।

# शिक्षिका भारती बनी शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोडसराम कश्यप के निर्देश पर केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल के द्वारा अपने कार्यकारिणी में सिमगा की महिला शिक्षिका भारती वर्मा को महिला कार्यकारिणी में शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया है।

भारती वर्मा के अलावा शिक्षिका कविता सरसिहा पलारी, आशा वर्मा कुम्हारी, लक्ष्मी वर्मा पलारी, सुनीता परगनिहा दुर्ग एवं पूर्णिमा वर्मा नयापारा को शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को खेल खिलौना के माध्यम से रुचिकर पढ़ाई कराने के लिए प्रदेश का प्रथम खेल खिलौना संग्रहालय का स्थापना अपने शाला में किया गया है। साथ ही एनसीईआरटी नई दिल्ली के द्वारा अनुशंसित जादुई पिटारा को जिले स्तर पर सबसे पहले निर्मित कर अपने शाला में लागू किया गया है , जिसका प्रदेश स्तर पर कई आयोजनों में प्रदर्शन किया जा चूका है। शिक्षिका के द्वारा बच्चों को सरलता से अधिगम कराने के लिए पांच सौ से अधिक ई–कंटेंट का निर्माण भी किया गया है। शिक्षा में बेहतर कार्य करने के लिए राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मंचों पर शिक्षिका को पुरस्कृत किया जा चूका है। शिक्षिका भारती वर्मा ने केन्द्रीय अध्यक्ष खोडसराम कश्यप व महिला केन्द्रीय अध्यक्ष सरिता बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने का प्रयास करुंगी एवं समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए सदैव तत्पर रहूंगी।

- पांच सौ से अधिक ई–कंटेंट का निर्माण भी किया गया

# हाईस्कूल के बच्चों ने लगाया स्टाल ग्रामीणों ने जमकर उठाया लुफ्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी मंगलवार को पलारी के शासकीय हाई स्कूल चरोदा के प्रांगण में आनंद मेला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आयोजित मेले के स्टाल में ग्रामीणों ने गुपचुप, चाट, दही बड़ा, भेल, जलेबी, पकोड़े आदि व्यजनों का जमकर लुफ्त उठाया। मेले का संपूर्ण संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत पालक समिति के अध्यक्ष मानसिंह ध्रुव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वृजलाल साहू व विजय ध्रुव पालक समिति सदस्य तथा कविता ध्रुव प्रभारी प्राचार्य, सुश्री नेहा उपाध्याय, नीलकंठ पटेल, मंजू जायसवाल, कविता देवांगन सुश्री राधा जायसवाल ने भी माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के साथ पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चे भी शामिल हुए। साथ ही ग्रामीणजनों ने भी आनंद मेले का आनंद उठाया।

**इन्होंने किया उत्साहवर्धन**

शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी यहाँ आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रमुख रूप से रोहित कुमार मंडले प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला चरोदा, कुंती यदु प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरोदा, ममता श्रीवास्तव, विकास वर्मा, जायसवाल प्रधान पाठक पूर्व नवीन प्राथमिक शाला शामिल रहे। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर सुरेंद्र शर्मा शैलेश नितिन त्रिवेदी विद्याभूषण शुक्ला जनक राम वर्मा ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई झांसी की रानी रही और 1857 की क्रांति की शहीद वीरांगना थीं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से युद्घ करते हुए देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। रानी लक्ष्मीबाई ने केवल 23 वर्ष की आयु में अंग्रेजी साम्राज्य से मोर्चा लिया और रणक्षेत्र में वीरगति को प्राप्त हो गईं। वक्ताओं ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने मात्र 11 साल की उम्र में ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए वानर सेना बनाई। देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में देश हित में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति, श्वेत कांति सहित 20 सूत्रीय कार्यक्रम लागू किया। इस अवसर पर विक्रम पटेल, संतोष यादव, पदमेंश्वरी साहू, अंबू पंजवानी, लखेश साहू, मनीष चंद्राकर, मनोज प्रजापति, धर्मेंद्र वर्मा, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, केके वर्मा, अविनाश मिश्रा, सुखदेव साहू, मनोज तिवारी, चितेश्वर साहू, आयुष भतपहरी, पिंटू वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### प्रधान पाठकों की संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

**खरोरा।** विकास खण्ड तिल्दा नेवरा अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी में परख परीक्षा का पूर्वाअभ्यास, विद्यार्थियों का अपार आईडी यू डाइस, जाति निवास आदि विषयों पर चर्चा के लिए प्रधान पाठकों का संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। संकुल प्राचार्य प्रकाश चंद गिलहरे एवं संकुल समन्वयक कांत कुमार ने प्रधान पाठकों को अर्धवार्षिक परीक्षा के पूर्व निर्धारित माहवार पाठ्यक्रम पूर्ण करने एवं विद्यालय गतिविधियों संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में संकुल के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, युगल किशोर वर्मा, दिनेश कुमार साहू, योगेंद्र कुमार देवांगन, मनीराम वर्मा, युधिष्ठिर बुड़ेक, शांता पठारे, हेमलाल नेताम, प्रदीप कुमार खूंटे, लुकेश कुमार ध्रुव, रवि पांडे, हरीश प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

# वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनपद कार्यालय में मनाया शौचालय दिवस

**सिमगा।** राज्य स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख सचिव निहारिका बारिक द्वारा राज्य के सभी जिला पंचायत जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले स्वच्छताग्राही से चर्चा कर उन्हें स्वच्छता के लिये अच्छे कार्य करने के लिये कहा गया। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत के सभापक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार दुबे सहित ग्राम पंचायत कामता, केसदा, रिंगनी, ओरेठी,करहुल, संजारी नवागांव, दावननबोड,




तुलसी, भैसा, मोहभट्ठा, सितापर, उड़ेला स्वच्छता ग्राही एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी पंचायत कमल साहू सचिव ग्राम पंचायत मोहभट्ठा द्वारा दी गई।

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में निकाली शौर्य यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आज देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में 19 नवंबर को रानी लक्ष्मी बाई जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें बहनों द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में पद संचलन शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य आचार्य दीदी भी शामिल हुईं।







